रजिस्ट्री सं. डीएल—(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL—(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 9] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 2—मार्च 8, 2013 (फाल्गुन 11, 1934)

No. 9] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 2 —MARCH 8, 2013 (PHALGUNA 11, 1934)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग I—खण्ड 2

[PART I—SECTION 2]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों व छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं]

[Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Govt. Officers issued by the Ministries of the Govt. of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राज्य सभा सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 फरवरी 2013

सं. आरएस/3/5/2013/12-कार्मिक--राज्य सभा के माननीय सभापति ने राज्य सभा सचिवालय में कार्यरत उप निदेशक (भाषान्तरण) श्री मंजुल कुमार पांडे को 12 फरवरी, 2013 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक इस सचिवालय में नियमित आधार पर 15,600--39,100/- रुपए के वेतन बैंड-3 + 8,000/- रुपए के ग्रेड वेतन तथा नियमों के अधीन स्वीकार्य सामान्य भत्तों के साथ संयुक्त निदेशक (भाषान्तरण) के ग्रेड में नियुक्त किया है।

एस. रंगराजन, संयुक्त निदेशक

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 14 फरवरी 2013

सं. ए-19011/06/2013-प्रशा.I--राष्ट्रपति, जैसा कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा उनके दिनांक 12.02.2013 के पत्र संख्या 7/1/2013-ईओ)(एसएम.I) के माध्यम से अवगत कराया गया है, श्री सतनाम सिंह बधावन, आईएफएस (झारखण्ड:1986) को 13 फरवरी, 2013 की अपराह्न से तथा 24.02.2015 तक सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

के. आर. शर्मा, अवर सचिव

विधि एवं न्याय मंत्रालय
(विधायी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 11 फरवरी 2013

सं. ए. 12025/3/2009-पाट-प्रशा.-I(वि.वि)--राष्ट्रपति, विधि और न्याय मंत्रालय, विधायी विभाग के राजभाषा खंड में अधीक्षक (अनुवाद), श्री राकेश कुमार को विधि और न्याय मंत्रालय, विधायी विभाग के राजभाषा खंड में सहायक विधायी परामर्शी (हिन्दी) के पद पर रुपए 15,600--39,100/- के वेतन बैंड + रुपए 6,600/- के ग्रेड वेतन में दिनांक 11 फरवरी, 2013 की पूर्वाह्न से छः माह की अवधि के लिए और अगले आदेशों तक, स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए तदर्थ आधार पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

2. यह तदर्थ नियुक्ति श्री राकेश कुमार को सहायक विधायी परामर्शी (हिन्दी) के ग्रेड में नियमित नियुक्ति के लिए न तो कोई दावा करने का

अधिकार प्रदान करेगी और न ही उनके द्वारा तदर्थ सेवाओं की गणना इस ग्रेड मे वरिष्ठता के प्रयोजनार्थ अथवा अगले उच्चतर ग्रेड में उनकी प्रोन्नति के लिए की जाएगी।

बी. एम. शर्मा, उप सचिव

न्याय विभाग

नई दिल्ली-110011, दिनांक 11 जनवरी 2013

सं. के. 13022/1/2012-यू एस-II--राष्ट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 224 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री श्री चन्द्रशेखर को उस तारीख, जब वे अपने कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करेंगे, से दो वर्ष की अवधि के लिए झारखण्ड उच्च न्यायालय का अपर न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।

जतिन्दर कौर, उप सचिव

नई दिल्ली-110011, दिनांक 16 जनवरी 2013

सं. के. 13022/2/2012-यू एस-II--राष्ट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड उच्च न्यायालय के अपर न्यायाधीशों, (i) न्यायमूर्ति श्री प्रशान्त कुमार (ii) न्यायमूर्ति श्री हरीश चन्द्र मिश्र (iii) न्यायमूर्ति श्री ध्रुव नारायण उपाध्याय को उस तारीख से, जब वे अपने कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करेंगे, उसी वरिष्ठता क्रम में झारखंड उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।

अनिल कुमार गुलाटी, संयुक्त सचिव

सं. के. 13022/2/2012-यू एस-II--राष्ट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गुजरात उच्च न्यायालय के अपर न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री प्रदीपकुमार प्रेमशंकर भट्ट को उस तारीख से, जब वे अपने कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करेंगे, गुजरात उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।

अनिल कुमार गुलाटी, संयुक्त सचिव

सं. के. 13014/2/2012-यू एस-II--राष्ट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 224 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री बच्चू लाल को उस तारीख से, जब वे अपने कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करेंगे, दो वर्ष की अवधि के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का अपर न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।

अनिल कुमार गुलाटी, संयुक्त सचिव

दिनांक 17 जनवरी 2013

सं. के. 13030/2/2012-यू एस-II--राष्ट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 224 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (i) श्री अतुल कुमार जैन (ii) श्री महेन्द्र कुमार माहेश्वरी (iii) श्री विष्णु कुमार माथुर (iv) श्री बनवारी लाल शर्मा को उस तारीख से, जब वे अपने कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करेंगे, दो वर्ष की अवधि के लिए उसी वरिष्ठता क्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय का अपर न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।

अनिल कुमार गुलाटी, संयुक्त सचिव

दिनांक 22 जनवरी 2013

सं. के. 13014/3/2012-यू एस-I--राष्ट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बम्बई उच्च न्यायालय के अपर न्यायाधार्शो (i) न्यायमूर्ति श्री फिलोमॅन मानुयल लोपो सालेश रोजारीओ डूश रेईस (ii) न्यायमूर्ति श्री राजेश गोविंद केतकर (iii) न्यायमूर्ति श्री रवि कृष्णराव देशपांडे (iv) न्यायमूर्ति श्री संजय विजयकुमार गंगापुरवाला (v) न्यायमूर्ति श्री तानाजी विश्वास नलवडे (vi) न्यायमूर्ति श्री मदतअली नुरमोहम्मद गीलानी और (vii) न्यायमूर्ति श्री मदन त्रयंबक जोशी को उस तारीख से, जब वे अपने कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करेंगे, बम्बई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और बम्बई उच्च न्यायालय के अपर न्यायाधीश (viii) न्यायमूर्ति श्री मदनलाल लक्ष्मणदास टहलियानी को दिनांक 26 फरवरी, 2013 से उसी वरिष्ठता क्रम में बम्बई उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।

अनिल कुमार गुलाटी, संयुक्त सचिव

दिनांक 31 जनवरी 2013

सं. के. 11019/1/2013-यू एस-I--राष्ट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 223 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार अग्रवाल को दिनांक 31 जनवरी, 2013 की अधिसूचना सं. के-11017/13/2012-यू एस-II के तहत मद्रास उच्च न्यायालय में उनके स्थानान्तरण के फलस्वरूप उस तारीख, जब वे उच्च न्यायालय में अपने कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करेंगे, से मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त करते हैं।

अनिल कुमार गुलाटी, संयुक्त सचिव

सं. के. 11017/13/2012-यू एस-II--राष्ट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 222 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करने के पश्चात्, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार अग्रवाल का स्थानांतरण मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में करते हैं और उन्हें

दिनांक 14 फरवरी, 2013 अथवा इससे पूर्व मद्रास उच्च न्यायालय में अपने कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करने का निदेश देते हैं।

अनिल कुमार गुलाटी, संयुक्त सचिव

सं. के. 13012/05/2012-यू एस-II--राष्ट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री शिवकीर्ति सिंह को उस तारीख, जब वे अपने कार्यालय का कार्यभार ग्रहण करेंगे, से इलाहाबाद उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।

अनिल कुमार गुलाटी, संयुक्त सचिव

दिनांक 7 फरवरी 2013

सं. के-13014/04/2012-यू एस-I--राष्ट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 224 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (1) श्री अभय महादेव ठिपसे, और (2) श्री उत्कर्ष विश्वनाथ बाक्रे को दिनांक 17 मार्च, 2013 से एक वर्ष की अवधि के लिए उसी वरीयता क्रम में बम्बई उच्च न्यायालय के अपर न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त करते हैं।

अनिल कुमार गुलाटी, संयुक्त सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 19 फरवरी 2013

सं. I-14012/01/2012-आई.पी.एस.-IV--राष्ट्रपति, भारतीय पुलिस सेवा के 62 आर. आर. (2009 बैच) एवं 63 आर. आर. (2010 बैच) के निम्न परिवीक्षाधीन अधिकारी, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा, 2008 एवं 2009 में अर्हता प्राप्त करने के आधार पर भारतीय पुलिस सेवा में नियुक्त किया गया था, उनके सिविल सेवा परीक्षा, 2011 में अर्हता प्राप्त करने के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय राजस्व सेवा में नियुक्ति के लिए चयन होने पर, उनके नाम के सामने अंकित तारीख से भारतीय पुलिस सेवा से उनका तकनीकी त्यागपत्र स्वीकार करते हैं :--

क्र. सं.	नाम	संवर्ग	बैच	तकनीकी त्यागपत्र की तारीख
	(सर्वश्री)			
1.	कुन्दन कुमार, भा.पु.से. (प.)	उत्तराखण्ड	2009	29.11.2012 (पूर्वा.)
2.	डी. प्रवीन, भा.पु.से. (प.)	तमिलनाडु	2010	28.01.2013 (पूर्वा.)

अरविन्द गौड़, अनुभाग अधिकारी (आई.पी.एस.-IV)

अंतर्राज्य परिषद् सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 11 फरवरी 2013

सं. ए-19011/1/2013-अ.रा.प्र.--राष्ट्रपति, श्री तबोम बाम भा.प्र.से. (अ.गो.मे.के.शा. प्र. : 77) को अन्तर्राज्य परिषद् सचिवालय (गृह मंत्रालय) में भारत सरकार के सचिव के रूप में सचिव के रैंक एवं वेतनमान में दिनांक 11 फरवरी 2013 पूर्वाह्न से सहर्ष नियुक्त करते हैं।

पंकज विठल, उप सचिव

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 12 फरवरी 2013

सं. 15011/01/2012-प्र.-I--अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर श्री सूर्यप्रकाश कक्कड़, अवर सचिव, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग को दिनांक 28 फरवरी 2013 के अपराह्न से सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त किया जाता है।

सुजाशा चौधुरी, उप सचिव

वित्त मंत्रालय
(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 18 जनवरी 2013

सं. /2013 : (फा. सं. ए-19013/3/2013-प्रशा. 1क)--व्यय विभाग, सी.एस. के दिनांक 8 जनवरी 2013 के कार्यालय ज्ञापन सं. ए-12026/8/2010-सीएएस और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.07.2012 तथा 23.11.2012 के कार्यालय ज्ञापन सं. 4/2/2012-सीएस-II (ए) के अनुसरण में और वर्ष 2010 की चयन सूची (वरिष्ठता कोटा) में शामिल किए जाने के परिणामस्वरूप राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग की नियमित आशुलिपिक ग्रेड 'ग' सुश्री तृप्ता गुप्ता को दिनांक 01.01.2013 (पूर्वाह्न) से राजस्व विभाग में नियमित आधार पर केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के निजी सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं।

वी. श्रीकुमार, अवर सचिव

सं. /2013 : (फा. सं. ए-19013/10/2013-प्रशा. 1क)--व्यय विभाग, सी.ए.एस. के दिनांक 14 जनवरी 2013 के कार्यालय ज्ञापन सं. ए-32016/01/2012-सीएएस और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 20.03.2012 के कार्यालय ज्ञापन सं. 3/3/2011-सीएस-II (ए) तथा 16.11.2012 के कार्यालय ज्ञापन सं. 3/4/2012-सीएस-II (ए) के अनुसरण में और वर्ष 2010 (भाग) की चयन सूची में शामिल किए जाने के परिणामस्वरूप, राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग की नियमित निजी सचिव सुश्री हेमा कुमारी को दिनांक 24.12.2012 (अपराह्न) से राजस्व विभाग में नियमित आधार पर केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के प्रधान निजी सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं।

वी. श्रीकुमार, अवर सचिव

सं. /2013 : (फा. सं. ए-19013/11/2013-प्रशा. 1क)--व्यय विभाग, सी.ए.एस. के दिनांक 14 जनवरी 2013 के कार्यालय ज्ञापन सं. ए-32016/01/2012-सीएएस और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 20.03.2012 के कार्यालय ज्ञापन सं. 3/3/2011-सीएस-II (ए) तथा 16.11.2012 के कार्यालय ज्ञापन सं. 3/4/2012-सीएस-II (ए) के अनुसरण में और वर्ष 2011 की चयन सूची में शामिल किए जाने के परिणामस्वरूप, राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के नियमित निजी सचिव श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा को दिनांक 27.12.2012 (अपराह्न) से राजस्व विभाग में नियमित आधार पर केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के प्रधान निजी सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं।

वी. श्रीकुमार, अवर सचिव

दिनांक 24 जनवरी 2013

सं. 2/2013 : (फा. सं. ए-19013/2/2013-प्रशा. 1क)--व्यय विभाग, सी.ए.एस. के दिनांक 8 जनवरी 2013 के कार्यालय ज्ञापन सं. ए-12026/8/2010-सीएएस और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.07.2012 तथा 23.11.2012 के कार्यालय ज्ञापन सं. 4/2/2012-सीएस-II (ए) के अनुसरण में और वर्ष 2010 (बढ़ाई गई) की चयन सूची (वरिष्ठता कोटा) में शामिल किए जाने के परिणामस्वरूप, राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग की नियमित आशुलिपिक ग्रेड 'ग' सुश्री बीना रानी को दिनांक 01.01.2013 (पूर्वाह्न) से राजस्व विभाग में नियमित आधार पर केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के निजी सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं।

वी. श्रीकुमार, अवर सचिव

दिनांक 28 जनवरी 2013

सं. 3 : (फा. सं. ए-38014/8/2012-प्रशा.1क)--राजस्व विभाग में निजी सचिव के रूप में कार्यरत केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के अधिकारी श्री सतीश कुमार, अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर दिनांक 31 जनवरी, 2013 (अपराह्न) को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

वी. श्रीकुमार, अवर सचिव

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

नई दिल्ली, दिनांक 13 दिसम्बर 2012

शुद्धिपत्र

सं. ए-32011/2/2001-प्रशा. VI--दिनांक 9 मार्च, 2012 को जारी हुई इस विभाग की अधिसूचना सं. 2012 की 02 (फा. सं. ए-32012/2/2001-प्रशा. VI) में श्री रामअवतार वर्मा (85072) के पदनाम को आयकर उपायुक्त के स्थान पर संयुक्त आयकर आयुक्त पढ़ा जाए।

आनन्द उपाध्याय, अवर सचिव

वित्तीय सेवाएं विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 4 फरवरी 2013

सं. 8/6/2010-डीआरटी--बैंक ऑफ बड़ौदा के सहायक महाप्रबंधक वर्तमान में ऋण वसूली अधिकरण, कोयम्बतूर में पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्यरत श्री मनमोहन आनन्द की सेवाएं दिनांक 04.02.2013 (अपराह्न) से बैंक ऑफ बड़ौदा को सौंपी जाती हैं।

राजीव शर्मा, अवर सचिव

व्यय विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 11 फरवरी 2013

सं. ए-12026/1/2011-एडी. I--राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के आशुलिपिक समूह 'ग' (वैयक्तिक सहायक) (तदर्थ निजी सचिव के रूप में स्थानापन्न) श्री बलजीत सिंह को वर्ष 2010 की चयन सूची (विस्तारित) के वरिष्ठता कोटा में दिनांक 22.01.2013 (पूर्वाह्न) से 9,300--34,800/- रुपये के वेतन बैंड-2 + 4,800/- रुपये (ग्रेड वेतन) में नियमित आधार पर वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग में आशुलिपिक समूह 'क' एवं 'ख' (विलयित) (निजी सचिव) के पद पर नियुक्त करते हैं।

बिप्लब कुमार रॉय, अवर सचिव

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 22 जनवरी 2013

सं. पीएफजी(1040)/2013-प्रशा.-I--राष्ट्रपति, सहर्ष श्री एम. जे. जोसेफ, आईसीएएस (1979) को कारपोरेट कार्य मंत्रालय में 22 जनवरी 2013 की पूर्वाह्न से भारत सरकार के अपर सचिव नियुक्त करते हैं।

क्षितीश कुमार, अवर सचिव

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
(औषध विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 5 फरवरी 2013

सं. ए-19011/2/2013-स्थापना--राष्ट्रपति श्री शम्भू कल्लोलीकर, भारतीय प्रशासनिक सेवा (तमिलनाडु : 1991) को दिनांक 05.02.2013 (पूर्वाह्न) से पांच वर्ष की अवधि के लिए अथवा आगामी आदेशों तक औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में पीबी-4 (रुपए 37,400--67,000/-) + ग्रेड वेतन 10,000/- रुपए में संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं।

राजकुमार, अवर सचिव

इस्पात मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 7 फरवरी 2013

सं. 2(7)/2009-स्थापना--कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 23 नवम्बर, 2012 के कार्यालय ज्ञापन सं. 4/2/2012-सीएस-II (ए) के

तहत नियमित पदोन्नति और चयन सूची 2010 (एसक्यू) में शामिल किए जाने के परिणामस्वरूप इस्पात मंत्रालय के आशुलिपिक ग्रेड 'सी' (तदर्थ निजी सचिव) श्री राजेश कुमार राजपाल, को दिनांक 23 नवम्बर, 2012 से इस्पात मंत्रालय के सीएसएसएस संवर्ग में नियमित आधार पर आशुलिपिक 'ए और बी' (निजी सचिव) के पद पर नियुक्त किया जाता है।

एस. के. गुप्ता, अवर सचिव

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग)

नई दिल्ली-110016, दिनांक 19 फरवरी 2013

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष नीति 2013

सं. 11001/01/2012-पीआरसी--

महत्वाकांक्षी भारत के भविष्य को आकार देना

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष (एसटीआई) वैश्विक रूप से राष्ट्रीय विकास के प्रमुख साधनों के रूप में उभरे हैं। चूँकि भारत तीव्र, धारणीय और समावेशी विकास की आकांक्षा रखता है, इसलिए व्यापक जनांकिकी भाग और विशाल प्रतिभावान जनमानस समूह के लाभों के साथ भारतीय एसटीआई प्रणाली को इन राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता होगी। राष्ट्रीय एसटीआई उद्यम को राष्ट्रीय विकास में केन्द्रीय स्थान हासिल करना होगा।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी राष्ट्रीय नीतियों के परिवर्तनशील चरण

भारत का वैज्ञानिक नीति संकल्प (एसपीआर), 1958 विज्ञान तथा इसके सभी क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान के संवर्धन को बढ़ावा देने, प्रोत्साहित करने तथा बरकरार रखने के लिए दृढ़ संकल्प था। प्रौद्योगिकी को उस समय देश की स्थापित विज्ञान अवसंरचना से प्रवाहित होने की अपेक्षा की जाती थी। प्रौद्योगिकी नीति वक्तव्य (टीपीएस) 1983 ने प्रौद्योगिकीय क्षमता और आत्म निर्भरता हासिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति (एसटीपी), 2003 विज्ञान और प्रौद्योगिकी को एक साथ लाई और आर एण्ड डी में निवेश की आवश्यकता पर बल दिया। इसने राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान करने तथा राष्ट्रीय नवोन्मेष प्रणाली का सृजन करने के लिए राष्ट्रीय आर एण्ड डी प्रणाली के साथ सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों के कार्यक्रमों को समेकित करने की मांग की।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष नीति की आवश्यकता

वैज्ञानिक अनुसंधान ज्ञान के सृजन के लिए पूंजी का उपयोग करता है और समाधान प्रदान करके नवोन्मेष ज्ञान को संपदा और/ अथवा मूल्य में परिवर्तित करता है। अत: नवोन्मेष से तात्पर्य ऐसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों से है जिन्हें अर्थव्यवस्था अथवा समाज में सफलतापूर्वक परिनियोजित किया जाता है। इसने राष्ट्रों के विकासात्मक लक्ष्यों में केन्द्रीय स्थान हासिल कर लिया है। नवोन्मेष के प्रतिमान देश और संदर्भ विशिष्ट बन गए हैं। भारत ने नीति के उपकरण के रूप में नवोन्मेष को अब तक अपेक्षित महत्व प्रदान नहीं किया है। राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यम को विकास के लिए एक चालक के रूप में अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी चालित नवोन्मेष को अवश्य अपनाना चाहिए।

भारत ने वर्ष 2010-20 को "नवोन्मेष दशक" के रूप में घोषित किया है। सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष में सहक्रिया बनाने के लिए एक नीति प्रतिपादित करने की आवश्यकता पर बल दिया है और इसने राष्ट्रीय नवोन्मेष परिषद (एन आईएन सी) की भी स्थापना की है। यह एसटीआई नीति 2013 इन्हीं घोषणाओं के अनुसरण में है। यह भारतीय संदर्भों में नवोन्मेष के उपयोग करने के लिए नए परिप्रेक्ष्य प्रदान करने का लक्ष्य रखती है।

विज्ञान नीति एक नया प्रतिमान

विज्ञान, अनुसंधान और नवोन्मेष स्वयं एक-दूसरे से कटे हुए पृथक रूप से अस्तित्व रख सकते हैं। परन्तु, यह उनका एकीकरण ही है जो नया मूल्य सृजन प्रदान करता है। भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता उस सीमा से निर्धारित होगी जिस सीमा तक एसटीआई उद्यम सामाजिक हित और/अथवा आर्थिक संपदा में योगदान करेंगे। अत: अन्तर्जात संसाधनों, क्षमताओं और योग्यताओं का उपयोग करके पहचाने गये प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में इस एकीकरण को समर्थ बनाने के लिए आवश्यक ढ़ांचे का सृजन करने की आवश्यकता है। ऊर्जा एवं पर्यावरण, स्वास्थ्य देखरेख, कौशल विकास और बेरोजगारी की जैसी मुख्य समस्याओं का समाधान करने के लिए नए संरचनात्मक कार्यतंत्रों और मॉडलों की आवश्यकता है। "लोगों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष" भारती एसटीआई उद्यम का नया प्रतिमान है। अत: राष्ट्रीय एसटीआई प्रणाली को अपने प्रमुख स्टेकधारक के रूप में भारतीय समाज को अवश्य पहचानना चाहिए। वैश्विक नवोन्मेष प्रणालियाँ समुदाय के एक बड़े वर्ग को प्राय: नजर अंदाज कर देती हैं। समावेशी विकास के लिए नवोन्मेष का तात्पर्य जहाँ तक संभव हो जनसंख्या के एक बड़े भाग तक समाधानों की पहुंच, उपलब्धता और वहनीयता सुनिश्चित करना है। अत: नवोन्मेष को अवश्य ही समावेशी होना चाहिए। एसटीआई नीति के साधन इन्हें मूर्त रूप प्रदान करने के लिए समर्थकारी होंगे। यह नीति विज्ञान में निवेश तथा सामाजिक-आर्थिक महत्व के चुनिंदा क्षेत्रों में विज्ञान चालित प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष के निवेश दोनों को प्राप्त करेगी। आर्थिक और अन्य नीतियों के साथ सहजीवी संबंधों का विकास करके एसटीआई प्रणाली और सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों के बीच दूरी को पाटने पर मुख्य बल दिया जाएगा।

इच्छित आकांक्षाएं

एसटीआई नीति के प्रमुख घटक :

- समाज के सभी वर्गों के बीच वैज्ञानिक प्रवृत्ति के प्रसार को बढ़ावा देना।
- सभी सामाजिक वर्गों के युवाओं के बीच विज्ञान के अनुप्रयोग हेतु कौशलों को बढ़ावा देना।
- प्रतिभावान और मेधावी लोगों के लिए विज्ञान, अनुसंधान और नवोन्मेष में करियर को पर्याप्त रूप से आकर्षक बनाना।
- विज्ञान के कुछ चुनिंदा अग्रणी क्षेत्रों में विशिष्ट नेतृत्व हासिल करने के लिए अनुसंधान और विकास (आर एण्ड डी) हेतु विश्वस्तरीय संरचना स्थापित करना।
- वर्ष 2010 तक भारत को विश्व की शीर्ष पाँच वैज्ञानिक शक्तियों में स्थान दिलाना।

- समावेशी आर्थिक विकास एजेंडा तथा उत्कृष्टता और प्रासंगिकता की संयुक्त प्राथमिकताओं के साथ विज्ञान, अनुसंधान एवं नवोन्मेष प्रणालियों के योगदानों को जोड़ना।
- अनुसंधान और विकास (आर एण्ड डी) में निजी क्षेत्र की बढ़ी हुई भागीदारी के लिए वातावरण को तैयार करना।
- अब तक के सफल मॉडलों का अनुकरण करके अनुसंधान और विकास कार्यनिष्पादन को सामाजिक एवं वाणिज्यिक अनुप्रयोगों में बदलने को समर्थ बनाना तथा नई पी पी पी संरचनाओं की स्थापना।
- नए कार्यतंत्रों के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधारित उच्च जोखिम नवोन्मेषों की शुरूआत करना।
- सभी प्रौद्योगिकी एवं आकार क्षेत्रों में सर्वत्र संसाधान-ईष्टतमीकृत, किफायती नवोन्मेषों को बढ़ावा देना।
- ऐसे कार्यनिष्पादनों जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी से प्राप्त ज्ञान से सम्पदा का सृजन करते हों, को मान्यता, आदर एवं पुरस्कार प्रदान करने के लिए मानसिकता और मूल्य प्रणालियों में बदलाव की शुरूआत करना।
- एक सुदृढ़ राष्ट्रीय नवोन्मेष प्रणाली का सृजन करना।

अनुसंधान और विकास में निवेश

वर्ष 2009 तक विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष में वैश्विक निवेश को 1.2 अमरीकी ट्रिलियन डॉलर आंका गया है। भारत का अनुसंधान और विकास निवेश इसके 2.5% से कम है। और यह वर्तमान में जीडीपी के 1% से कम है। अनुसंधान और विकास सकल व्यय (जीईआरडी) को जीडीपी के 2% तक बढ़ा कर ले जाना कुछ समय से राष्ट्रीय लक्ष्य रहा है। इस लक्ष्य को अगले पांच वर्षों में हासिल करना व्यवहारिक है बशर्ते कि निजी क्षेत्र लगभग 1:3 की वर्तमान आनुपातिक दर से अपने अनुसंधान और विकास को बढ़ाकर इसे कम से कम सार्वजनिक क्षेत्र के आर एण्ड डी निवेश के बराबर कर दें। यह हासिल करने योग्य प्रतीत होता है चूंकि वर्ष 2005 और 2010 के बीच औद्योगिक आर एण्ड डी निवेश 250% तक और विक्रय 200% तक बढ़ा है। आर एण्ड डी कार्य निष्पादनों को वाणिज्यिक परिणामों में रूपांतरित करने के लिए निजी क्षेत्र का बढ़ा हुआ निवेश आवश्यक है। सार्वजनिक आर एण्ड डी निवेशों में विकास की वर्तमान दर को बरकरार रखते हुए, आर एण्ड डी में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ाने के लिए अनुकूल परिवेश तैयार किया जाएगा।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए सकल बजटीय सहायता विगत दशक के दौरान महत्वपूर्ण रूप से बढ़ी है। ऐसी बढ़ोत्तरी के प्रभाव देखे जा सकते हैं। वैज्ञानिक प्रकाशनों की संख्या में वैश्विक रूप से भारत का 9वां स्थान है। दर्ज किए गए पेटेंटों की संख्या में इसका 12वां स्थान है। भारतीय प्रकाशनों की समग्र वार्षिक विकास दर (सीएजीआर) लगभग 12±1% है और भारत की हिस्सेदारी वर्ष 2001 में 1.8% से बढ़कर वर्ष 2011 में 3.5% हो गई है। परन्तु शीर्ष 1% प्रभावकारी जरनलों में भारतीय प्रकाशनों का प्रतिवर्ष मात्र 2.5% रहा है। वर्ष 2020 तक वर्तमान स्तर से प्रकाशनों के वैश्विक हिस्से को दोगुना तथा शीर्ष 1% जरनलों में पत्रों की संख्या को अवश्य चौगुना करना चाहिए। भारतीय प्रकाशनों के उद्धरण प्रभाव को अवश्य सुधरना चाहिए और इसे कम से कम वैश्विक औसत के बराबर होना चाहिए। इस नई नीति के अंतर्गत हुई पहलों से वर्ष 2020 तक अनुसंधान के इन सूक्ष्म संकेतकों का हासिल किया जाना संभव हो जाना चाहिए।

यूनेस्को की वैश्विक विज्ञान रिपोर्ट के अनुसार, भारत की वर्तमान रैंकिंग आर एण्ड डी कार्मिकों के पूर्णकालिक समकक्षों (एफटीई) की इसकी संख्या के साथ बराबरी रखती है। यह अनिवार्य है कि अगले पाँच वर्षों के भीतर आर एण्ड डी कार्मिकों की एफटीई की कुल संख्या वर्तमान संख्या से कम से कम 66% तक बढ़े।

अनुसंधान और विकास में उत्कृष्टता तथा प्रासंगिकता को प्रोत्साहित करना

आधार का संपोषण करना

विज्ञान के लिए प्रतिभावान युवाओं के सतत आपूर्ति तंत्र को सुनिश्चित करना एक चुनौती है। भारत ने विज्ञान तथा अनुसंधान में करिअर बनाने के लिए प्रतिभाओं को आकर्षित करने हेतु कुछ नई पहलें शुरू की हैं। स्थानीय कार्यकलापों के लिए स्टेकधारकों को सशक्त बनाना इन पहलों का मुख्य घटक है। यह नीतिगत ढांचा शिक्षण पद्धति, विज्ञान पाठ्यक्रम में सुधार करके, विज्ञान शिक्षकों को प्रोत्साहित करके तथा विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभाओं के प्रारंभिक आकर्षण हेतु स्कीमों के माध्यम से स्कूली विज्ञान शिक्षा सुधारों को आगे और समर्थ बनाएगा। विश्वविद्यालयों में अनुसंधान में तेजी लाने और विज्ञान और इंजीनियरी में युवा नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने के लिए विशेष प्रोत्साहन कार्यतंत्रों को भी तैयार किया जाएगा।

उत्कृष्टता और प्रासंगिकता

वैश्विक मानकों के समक्ष उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और राष्ट्र की चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रासंगिकता पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए आधारभूत अनुसंधान में निवेश को बढ़ाया जाएगा।

लैंगिक समानता

एसटीआई कार्यकलापों में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। कार्यरत महिला वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों की गतिशीलता संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए नई और लचीली स्कीमें तैयार की जाएंगी। अनुसंधान और विकास में महिलाओं के पुन:प्रवेश हेतु व्यापक क्षेत्र तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट करिअर मार्गों के लिए सुगमीकरण कार्यतंत्रों की मांग की जाएगी।

अन्तर विश्वविद्यालय केन्द्र

कुछ अंतर विश्वविद्यालय केन्द्रों जिन्हें स्थापित किया गया था उन्होंने इस संकल्पना को सफल और व्यवहार्य साबित किया है। ऐसी उन्नत अनुसंधान सुविधाओं और उपकरणों, जो अन्यथा विश्वविद्यालय परिवेश में उपलब्ध नहीं होती, तक विश्वविद्यालय अनुसंधानकर्ताओं की पहुंच को सभी व्यापक वर्गों तक समर्थ बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे केन्द्रों की बड़ी संख्या में आवश्यकता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा इसके अनुप्रयोगों में चुनौतियों का समाधान करने के लिए मानविकी सहित यह विषय विशिष्ट तथा बहु-विषयात्मक होगा।

वैश्विक अनुसंधान और विकास अवसंरचना तथा वृहत् विज्ञान में भागीदारी

आधुनिक विज्ञान निरंतर संसाधन की मांग करने वाला बनता जा रहा है। अंतर-राष्ट्रीय सहसंघ पद्धति के माध्यम से कुछ क्षेत्रों में उच्च लागत वैश्विक अवसंरचनाएं स्थापित करना आवश्यक हो गया है। विज्ञान के अत्याधुनिक क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान के लिए पहुंच हासिल करने हेतु ऐसी परियोजनाओं में भारतीय भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा और सुविधाजनक बनाया जाएगा। अपने अप्रत्याशित (स्पिन ऑफ) लाभों के साथ कुछ उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में वैश्विक अनुभव और प्रतिस्पर्धात्मकता अर्जित करने के लिए यह भारतीय उद्योग को समर्थ बनाएगा।

कार्यनिष्पादन से जुड़े पुरस्कार एवं निवेश

अनुसंधान में पूर्व एवं साबित कार्य निष्पादन रिकॉर्ड के आधार पर पारदर्शी केन्द्रीय रूप से कार्यान्वयन योग्य कार्यनिष्पादन संबंधित प्रोत्साहन स्कीम (पीआरआईएस) को ऐसे कार्य निष्पादकों में अनुदान आधारित निवेशों को समर्थ बनाने के लिए तैयार किया जाएगा, तथापि प्रौद्योगिकी विकास एवं ज्ञान सेवाएं प्रदान करने वाले अनुसंधान और विकास के लिए मानदण्ड संस्थान विशिष्ट होगा। सार्वजनिक एवं कार्य नीति हितों को पूरा करने वाले कार्यनिष्पादनों हेतु सार्वजनिक वित्त पोषित आरएण्डडी केन्द्रों के लिए केन्द्रीय रूप से स्थापित प्रोत्साहनों को शुरू किया जा सकता है।

राष्ट्रीय एजेंडा और एसटीआई प्रणाली

आर एण्ड डी के वृहत संकेतक एक राष्ट्र की नवोन्मेष क्षमताओं को वास्तविक रूप में प्रदर्शित नहीं करते। ऐसे समुचित संकेतक, जो प्रासंगिकता और किफायती नवोन्मेष के साथ उत्कृष्टता एवं नव प्रवर्तनशीलता के उपायों को समेकित करते हों, साक्ष्य आधारित नीतिगत कार्यों के लिए आवश्यक हैं। अब तक अनुसंधान और विकास में सार्वजनिक निवेश हेतु मुख्य कार्यनीति आपूर्ति पक्ष से होने वाले अंत:क्षेप रही है। इसे बदलने की आवश्यकता है। आपूर्ति पक्ष अंत:क्षेपों और मांग आधारित निवेश पर एक समान बल देना चाहिए।

उच्च प्रभाव क्षमता के लगभग 10 क्षेत्रों को निर्देशित एसटीआई अंत:क्षेपों और समुचित संसाधनों के परिनियोजन हेतु पहचाना जाएगा। ऐसे नीतिगत साधनों, जो इन क्षेत्रों में अपने प्रयासों पर ध्यान केन्द्र करने के लिए सांस्थानिक अनुसंधान और आर एण्ड डी उद्यमों दोनों को सुविधा प्रदान करते हों, को तैयार किया जाएगा।

विचार से बाजार तक नवोन्मेष की जटिल मूल्य श्रृंखला प्राय: सभी स्तरों: अनुसंधान, प्रौद्योगिकी जानकारी, विनिर्माण एवं सेवा स्तरों पर एसटीआई अंत:क्षेपों की मांग करती है। सामाजिक-आर्थिक महत्व के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में यह नीति अंत:क्षेप, सहायता, निवेश के लिए एक साकल्यवादी उपागम को समर्थ बनाएंगी। इस दिशा में उठाये गये कदम एन आईएन सी द्वारा शुरू किए गये कार्यक्रमों से समावेष रखेंगे।

कृषि के लिए अनुसंधान और विकास नीति भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), द्वारा प्रतिपादित की जाती है। राष्ट्रीय आर एण्ड डी प्रणाली और एसटीआई नीति के साथ कृषि अनुसंधान और विकास नीति का समेकन किया जाएगा।

विनिर्माण क्षेत्रों के लिए एसटीआई जानकारियों से बढ़ा हुआ रोजगार सृजन हो सकता है। तथापि इस क्षेत्र के लिए नवोन्मेष परिवेश उद्यम और संदर्भ की प्रकृति और आकार पर निर्भर करता है। उच्च प्रौद्योगिकी उत्पादों में वैश्विक व्यापार का भारतीय हिस्सा वर्तमान में केवल लगभग 8 प्रतिशत है और इस क्षेत्र की वर्तमान प्रौद्योगिकी गहनता 6-7 प्रतिशत के निम्न स्तर पर है। आर एण्ड डी से व्यापक प्रौद्योगिकी निवेशों के माध्यम से इन्हें दोगुना करने का लक्ष्य है। आर एण्ड डी गहनता को बढ़ाने तथा उच्च प्रौद्योगिकी व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए कुछ ऐसे उद्योग क्षेत्रों के कार्य नीति चयन किए जाएंगे जहाँ नेतृत्व के लिए भारत आकांक्षा रख सकता है। लघु एवं मध्यम उद्योगों (एसएमई) में सामान्यत: निम्न आर एण्ड डी गहनता होती है। फर्म अथवा सहकारी स्तर पर आर एण्ड डी सहायता तथा इससे जुड़ी सेवाओं के लिए विशिष्ट स्कीमें तैयार एवं शुरू की जाएंगी।

सेवा क्षेत्र की आर एण्ड डी गहनता सामान्यता: निम्न होती है। इसे महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाये जाने की आवश्यकता है तथा कौशल आधार को भी महत्वपूर्ण रूप से विस्तारित करना होगा। प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं के आधुनिकीकरण के कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए कुछ चुनिंदा सेवा क्षेत्रों में मिशनों की पहचान की जाएगी। पारदर्शी सरकारी कार्यतंत्र के लिए प्रौद्योगिकी चालित सेवाओं के परिनियोजन को भी सहायता प्रदान की जाएगी।

जलवायु विभिन्नता एवं परिवर्तन वैश्विक चिंता का विषय है और भारत ने जलवायु परिवर्तन हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) प्रतिपादित की है और बहुत से राष्ट्रीय मिशनों की पहचान की है। एसटीआई प्रणाली की इन मिशनों में सक्रिय भूमिका होगी। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने तथा भारत की साम्यता आधारित विभेदीकृत और साझा जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए यह कार्यनीतिक ज्ञान के स्रोत के रूप में भी कार्य करेगा।

आर एण्ड डी में निजी क्षेत्र निवेश को आकर्षित करना

सामाजिक और लोकहित उद्देश्य के लिए निजी क्षेत्र के साथ भागरीदारियों हेतु सार्वजनिक निधियों को नई नीतिगत पहल के रूप में निर्धारित किया जाएगा। नवोन्मेष और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में संसाधनों के महत्वपूर्ण स्तरों पर निवेश करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के रूप में एक राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष प्रतिष्ठान को स्थापित किया जाएगा। इस नीति का मुख्य बल निम्न बिन्दुओं पर होगा।

- भारत तथा विदेश में आर एण्ड डी केन्द्रों में निजी क्षेत्र निवेश को सुविधाजनक बनाना।
- लाभ भागिता हेतु प्रावधानों सहित पीपीपी प्रणाली में बड़ी आर एण्ड डी सुविधाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करना।
- भारतीय आर एण्ड डी प्रणाली में बहुल स्टेकधारकों की प्रतिभागिता को अनुमति प्रदान करना।
- सार्वजनिक निधियों को प्राप्त करने के लिए निजी क्षेत्र में आर एण्ड डी को सार्वजनिक संस्थानों के समतुल्य व्यवहार करना।
- वैश्विक रूप से आर एण्ड डी वित्तपोषण कार्यतंत्रों और प्रतिमानों के मानक निर्धारित करना।

- सार्वजनिक निधियों से सहायित होने तथा पीपीपी के अंतर्गत सृजित आईपीआर की साझा हिस्सेदारी होने पर सामाजिक हित के लिए प्रगतिशील अधिकारों हेतु प्रावधान करने के लिए आईपीआर नीति में संशोधन करना।

- प्रौद्योगिकी व्यवसाय इन्क्यूबेटरों (टी बी आई) और विज्ञान चालित उद्यमिता के सम्पोषण हेतु नए कार्यतंत्रों को शुरू करना।

- हरित विनिर्माण पर बल के साथ नवोन्मेष के वाणिज्यीकरण हेतु प्रोत्साहन प्रदान करना।

स्टेकधारकों और समाज के लिए एसटीआई कार्य निष्पादन हेतु सुपुर्दगी प्रणाली

वैज्ञानिक कार्य निष्पादन और प्रौद्योगिकी नवोन्मेष का सामाजिक व्यवस्था में प्रसार एक बहु-स्तरीय प्रक्रिया है। मिशन-उन्मुख कार्यनीतिक क्षेत्रों के अलावा, सुपुर्दगी कार्यतंत्र निजी और सार्वजनिक क्षेत्र दोनों से बड़ी संख्या में मध्यवर्ती संस्थाओं को शामिल करता है। इसके लिए वैज्ञानिक और सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों के बीच सम्पर्कों को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। साझा दृष्टिकोण, मिशन-उन्मुख उपागम तथा देयता के प्रावधानों के साथ नए सुपुर्दगी मॉडलों को अपनाने के माध्यम से यह एसटीआई नीति सामाजिक-आर्थिक मंत्रालयों के आर एण्ड डी आवंटनों का लाभ उठाएगी। राज्य सरकारें महत्वपूर्ण स्टेकधारक हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे कि इस नई एस टी आई नीति द्वारा राज्य-विशिष्ट एस एण्ड टी दृष्टिकोण और योजनाएं संसूचित तथा निर्देशित की जाएं जिनके प्रति राज्य एस एण्ड टी परिषदों/बोर्डों को सुदृढ़ बनाया जाएगा। एसटीआई के कार्य निष्पादनों को विशेषकर ग्रामीण प्रौद्योगिकियों को बुनियादी स्तर पर प्रदान करने में एनजीओ को महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी जाएगी।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष हेतु परिवेश में परिवर्तन

शैक्षणिक समुदाय-अनुसंधान-उद्योग भागीदारियों को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट एवं नवोन्मेषी कार्यतंत्रों को तैयार किया जाएगा। शैक्षणिक समुदाय से उद्योग तथा विपर्यय में विशेषज्ञों की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाया जाएगा। भारतीय अनुभव से एस एण्ड टी - आधारित नवोन्मेषों में सफलता की कहानियों को दोहराया एवं बढ़ाया जाएगा। आविष्कारकर्ताओं और निवेशकों के बीच आईपीआर की हिस्सेदारी के लिए विनियामक तथा विधिक रूपरेखाओं को तैयार किया जाएगा। नई आर एण्ड डी खोजों और आधारिक नवोन्मेष के वाणिज्यिक उपयोग में रूपान्तरण के अन्तरालों को पाटने के लिए मापदण्ड बनाया जाएगा।

निवेशों के लिए केन्द्रीय रूप से विकसित योजनाओं की कठोरता प्राय: अग्रणी विज्ञान, प्रौद्योगिकी विकास और नवोन्मेष हेतु अनुकूल नहीं होती। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में तीव्र परिवर्तनों की प्रतिक्रिया में पंचवर्षीय योजना स्कीमों को सुव्यवस्थित करने वाला एक लचीला उपागम मुख्य शासी मानदण्ड के रूप में गति, स्तर और धारणीयता के साथ तैयार किया जाएगा।

''जोखिम'' एक जीवंत नवोन्मेष प्रणाली का अभिन्न अंग है। सरकार द्वारा जोखिम की हिस्सेदार आर एण्ड डी और प्रौद्योगिकी विकास में निजी क्षेत्र के निवेश को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी। असफलता के भय के बिना उद्यमों में निवेश के लिए नवीन वित्तपोषण कार्यतंत्र तथा असफल उद्यमों को बंद कर देने के प्रावधान एक समर्थकारी नवोन्मेष परिवेश के आवश्यक भाग हैं। स्वदेशी नवोन्मेष के माध्यम से विकसित अपनी तरह के पहले उत्पादों का समर्थन करने वाली और वैश्विक स्तर पर ऐसे उत्पादों को प्रोत्साहित करने के कदम उठाने वाली सार्वजनिक प्रापण नीति आवश्यक है।

सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित संस्थानों के व्यय नियंत्रण के सामान्य नियम विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे गैर-पंक्तिबद्ध विकास क्षेत्रों और साथ ही नवोन्मेषी क्षेत्र के लिए अनुकूल नहीं होते। लेखा परीक्षा सिद्धांतों को ''प्रक्रियाओं के अनुपालन'' की तुलना में ''कार्यनिष्पादन'' से अधिक जुड़ा होना चाहिए। इस प्रणाली को वास्तविक असफलता तथा प्रक्रिया हानियों के बीच विभेद करने में सक्षम होना चाहिए।

यह नीति मुख्य रूप से निम्नलिखित पर बल देगी :-

- कृषि, दूरसंचार, ऊर्जा, जल प्रबंधन, स्वास्थ्य और औषधि खोज, सामग्री, पर्यावरण और जलवायु विभिन्नता एवं परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण आर एण्ड डी क्षेत्रों का प्राथमिकता निर्धारण।

- परम्परागत ज्ञान सहित अंतरविषयात्मक ज्ञान को बढ़ावा देना।

- कार्यनीतिक क्षेत्रों में नागरिक सामर्थ्य के उपयोग सहित नवोन्मेष समाज में उपयोग एवं वितरण को प्रोत्साहन देना।

- नवोन्मेषी इंक्यूबेटरों को सहायता प्रदान करने के लिए ''लघु विचार-अल्प पूंजी'' और ''जोखिमपूर्ण विचार निधि'' जैसे कार्यतंत्रों को बढ़ावा देना।

- सामाजिक समावेशन हेतु नवोन्मेष निधि की स्थापना।

- राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधानों को खोजने हेतु आधुनिक विज्ञान द्वारा परंपरागत ज्ञान का लाभ उठाना।

- व्यवहार्य एवं उच्च रूप से आरोह्य व्यवसाय मॉडलों के साथ एसटीआई चालित उद्यमिता को सहायता प्रदान करना।

- शिक्षा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से युवा नवोन्मेषकों और उद्यमियों पर निवेश करना।

सहयोग के माध्यम से वैश्विक प्रतिस्पर्धा हासिल करना

सार्वजनिक और सामाजिक हित के लिए मुक्त स्रोत उपागम रोचक नवोन्मेष प्रणालियों का गठन करते हैं। बहु-स्टेक धारक भागीदारी के माध्यम से सृजित आईपीआर का प्रबंधन करने के लिए साझा ज्ञान (नोलेज कॉमन) एक उभरता हुआ विषय है। यह एसटीआई नीति आंकड़ों तक पहुंच और हिस्सेदारी तथा साथ ही आईपीआर के सृजन और हिस्सेदारी के लिए एक नए विनियामक ढांचे को स्थापित करने की मांग करेगी। यह नया नीतिगत ढांचा विज्ञान, प्रौद्योगिकी नवोन्मेष में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग दोनों के माध्यम से अन्य राष्ट्रों के साथ कार्यनीतिक भागीदारियों और गठबंधनों को समर्थ बनाएगा। विज्ञान कूटनीति, प्रौद्योगिकी सहक्रिया और प्रौद्योगिकी प्रापण मॉडलों को कार्यनीति संबंधों के आधार पर विवेकपूर्ण ढंग से परिनियोजित किया जाएगा।

लोक जागरूकता तथा भारतीय एसटीआई क्षेत्र की लोक देयता

जनता को आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लाभों से परिचित कराने और लाभ पहुंचाने के लिए विज्ञान के बारे में लोगों की समझ एक महत्वपूर्ण आयाम है। विज्ञान अथवा वैज्ञानिक प्रवृत्ति के सभ्यता संबंधी पहलू को व्यवस्थित रूप में समाज के सभी वर्गों तक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क जैसे साधनों का उपयोग करके प्रभावी विज्ञान संचार पद्धतियों को शुरू किया जाएगा।

विज्ञान की सार्वजनिक एवं राजनीतिक समक्ष को साक्ष्य एवं खुले विचारों वाले विचार विमर्शों पर आधारित होना चाहिए। लोगों तथा नीति निर्माताओं को उभरती प्रौद्योगिकियों के उनके नैतिक, सामाजिक और आर्थिक आयामों सहित निहितार्थों से अवश्य परिचित कराया जाना चाहिए। विशिष्ट परिदेयों और समयबद्धता के साथ मिशन-उन्मुख कार्यक्रमों पर श्वेत-पत्र प्रकाशित किया जाएगा। सामाजिक वैज्ञानिकों को शामिल करने वाली स्वायत्त एवं सुदृढ़ प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रीय एसटीआई उद्यम के कार्यानिष्पादन का मूल्यांकन करने हेतु कार्यतंत्रों को स्थापित किया जाएगा। लोक देयता के इस प्रयास में राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों को मुख्य भूमिका सौंपी जाएगी।

नीति संबंधी दृष्टिकोण

तीव्र, धारणीय और समावेशी विकास के लिए विज्ञान-चालित समाधानों की खोज और सुपुर्दगी की गति को बढ़ाना महत्वाकांक्षी भारतीय एसटीआई उद्यम का निर्देशक दृष्टिकोण है। भारत हेतु उच्च प्रौद्योगिकी निर्देशित पथ के लिए एक सुदृढ़ और व्यवहार्य विज्ञान, अनुसंधान एवं नवोन्मेष प्रणाली (सृष्टि) इस नई एसटीआई नीति का लक्ष्य है।

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय

नई दिल्ली-110003, दिनांक 7 फरवरी 2013

सं. 32012/2/2010-आईएफएस-I(एजीएमयूटी)--राष्ट्रपति, इस मंत्रालय की अधिसूचना सं. 32012/1/93-भा.व.से. I दिनांक 23.11.2000 के अधिक्रमण में और भारतीय वन सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1966 के विनियम 9 के नियम 8 के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अरुणाचल प्रदेश सेगमेंट के राज्य वन सेवा अधिकारी (एसएफएस) श्री बी. सी. दास (जन्म तिथि : 01.08. 1945) को, 1995-96 की चयन सूची के लिए 01.02.2010 को हुई चयन समिति की बैठक में की गई सिफारिशों के आधार पर भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में नियुक्त करते हैं और उन्हें भारतीय वन सेवा (संवर्ग) नियम, 1966 के नियम 5 के उप-नियम (1) के अंतर्गत एजीएमयूटी संयुक्त संवर्ग का अरुणाचल प्रदेश सेगमेंट आवंटित करते हैं।

इसे कैट (सीएटी) गुवाहाटी के 2009 के ओए सं. 125 में आदेश दिनांक 30.06.2009 के अनुपालन में जारी किया जाता है।

एस. एस. बधावन, निदेशक (आईएफएस)

नई दिल्ली-110003, दिनांक 7 फरवरी 2013

सं. 17013/13/2012-आईएफएस-II--भारतीय वन सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1966 के विनियम 7 के उप-विनियम 3 में निहित उपबंधों का प्रयोग करते हुए, संघ लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2007-ए से 2011 के लिए राजस्थान राज्य वन सेवा से भारतीय वन सेवा में पदोन्नति के लिए चयन सूची को अनुमोदित कर दिया है जिसमें भारतीय वन सेवा के राजस्थान संवर्ग में उपलब्ध प्रोन्नति कोटा रिक्तियों को भरने के लिए राजस्थान राज्य वन सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों के नाम शामिल हैं :--

2007-ए की चयन सूची

क्र.सं.	नाम (सर्व/श्री)	जन्मतिथि
1.	बी. आर. भादू	16.07.1959
	2008 की चयन सूची	
1.	घनश्याम प्रसाद शर्मा	08.09.1960
2.	अक्षय सिंह	07.08.1959
	2009 की चयन सूची	
1.	वॉय. के. साहू	20.09.1959
2.	अनिल कुमार कपूर	25.09.1959
3.	दया राम शरण	07.09.1956
4.	राहुल कुमार भटनागर	01.07.1959
5.	इंद्र पाल सिंह	02.04.1959
6.	मणि राम पुनिया	12.12.1957
7.	आर. पी. गुप्ता	15.07.1959
8.	दया सिंह दुलार	08.07.1960
9.	उमा राम चौधरी	15.09.1961
10.	लक्ष्मण लाल (एस सी)	01.06.1957
11.	लक्ष्मण लाल परमार (एस सी)	15.05.1956
12.	बुद्धि प्रकाश पारीक	07.07.1957
13.	राज कुमार सिंह	09.01.1964
14.	राजेश कुमार जैन	31.08.1961
15.	महेन्द्र कुमार अग्रवाल	04.08.1960
16.	मनोज पराशर	15.07.1962
	2010 की चयन सूची	
1.	दिग्विजय गुप्ता	30.09.1960
2.	के. आर. काला	22.05.1956
3.	पी. डी. गुप्ता	07.08.1958
4.	*सुधीर जैन	25.12.1958
5.	वेद प्रकाश गुर्जर	14.07.1961

*क्रम सं. 4 के अधिकारी को उसके विरूद्ध लंबित आपराधिक कार्रवाईयों में से निकासी के अध्यधीन अनंतिम रूप से सूची में शामिल किया गया है।

2011 की चयन सूची

1.	रूप नारायण मीणा (एस टी)	01.06.1973
2.	ललित सिंह राणावत	01.07.1958
3.	अमर सिंह गोठावल (एस सी)	01.07.1963
4.	पोकर मल सेवदा	02.03.1958
5.	ओम प्रकाश शर्मा	15.09.1959
6.	*आर. एस. शर्मा	16.07.1957

*क्रम सं. 6 के अधिकारी को उनके विरूद्ध लंबित अनुशासनात्मक कार्रवाईयों में से निकासी के अध्यधीन और उच्च न्यायालय जयपुर के अंतरिम आदेश दिनांक 21.01.2013 के अनुपालन में अनंतिम रूप से सूची में शामिल किया गया है।

सी. एस. ठाकुर, अवर सचिव

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 24 जनवरी 2013

सं. ए-11013/03/2012-स्थापना-I--राष्ट्रपति, श्री सतीश चन्द्र पाण्डेय, गैर-सेवा कार्मिक को 17 जनवरी, 2013 के पूर्वाह्न से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (ए. एच. खान चौधरी) के प्रथम वैयक्तिक सहायक (पीबी-2, ग्रेड वेतन 4,800/- रुपए) के रूप में नियुक्त करते हैं।

2. श्री सतीश चन्द्र पाण्डेय की नियुक्ति समकालिक (को-टर्मिनस) आधार पर अथवा मंत्री द्वारा उनकी सेवाएं अपेक्षित होने तक या आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, होगी।

अनिल कुमार, अवर सचिव

दिनांक 28 जनवरी 2013

सं. ए-19012/01/2013-ई-I--राष्ट्रपति, श्री निकुंज बिहारी ढल, आईएएस (ओआर:93), को 24.01.2013 के अपराह्न से और केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति अवधि के पांच वर्षों की शेष अवधि के लिए अर्थात् 10.04.2017 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, वेतन बैंड 37,400--67,000/- रु. (पीबी-4) और ग्रेड वेतन 10,000/- रु. में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त करते हैं।

अनिल कुमार, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 8 फरवरी 2013

सं. ए-32012/1/2012-डीएफक्यूसी--राष्ट्रपति, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा विधिवत अनुमोदित विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों पर श्री जयंत कुमार, औषध निरीक्षक को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन में 03 जनवरी, 2013 से आगामी आदेशों तक संशोधित वेतन अवसंरचना पीबी-3 (15,600--39,100/- रु.) + 6,600/- रु. ग्रेड वेतन (समूह 'क' राजपत्रित अननुसचिवीय) एवं अनुज्ञेय भत्तों में सहायक औषध नियंत्रक (भारत) के पद पर नियमित अस्थाई तौर पर पदोन्नत करते हैं।

सुधीर कुमार, अवर सचिव

कृषि मंत्रालय
(कृषि एवं सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 2 जनवरी 2013

शुद्धिपत्र

सं. 32013/2/2012-स्था.-I--इस विभाग में नियमित आधार पर अवर सचिवों की नियुक्ति के बारे में इस प्रभाग की दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 की समसंख्यक अधिसूचना के संदर्भ में यह कहना है कि क्रम सं. 3 पर अधिकारी का नाम श्रीमती रोमिला वरंदानी के स्थान पर कुमारी रोमिला वरंदानी पढ़ा जाए और अधिकारी का सीएसएल नं. 6454/1995 के स्थान पर 6454/1997 पढ़ा जाए।

संदीप कुमार, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 15 फरवरी 2013

सं. 4-10/2011-विस्तार--राष्ट्रपति, विस्तार निदेशालय, नई दिल्ली में श्रीमती किरण बाला, सहायक सम्पादक (अंग्रेजी) को रुपए 15,600--39,100/- (वेतन बैंड-3) + ग्रेड वेतन रुपए 6,600/- के वेतनमान में उसी निदेशालय में संयुक्त निदेशक (फार्म सूचना) जीसीएस, समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय के पद पर नियमित पदोन्नति के आधार पर दिनांक 01.02.2013 के पूर्वाह्न से नियुक्त करते हैं।

आर. एस. वर्मा, अवर सचिव

ग्रामीण विकास मंत्रालय
(भूमि संसाधन विभाग)

नई दिल्ली-110011, दिनांक 15 फरवरी 2013

सं. ए-13033/1/2013-प्रशा.--राष्ट्रपति, श्री पी. के. झा, भा.व.से. (उड़ीसा : 93) को पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की केन्द्रीय स्पफिंग स्कीम के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग में 01 फरवरी 2013 के पूर्वाह्न से वन उप महानिरीक्षक (गैर सीएसएस पद) के तौर पर नियुक्त करते हैं।

अनूप कुमार, अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(उच्चतर शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 19 दिसम्बर 2012

सं. ए-32011/7/2012-ई-I--राष्ट्रपति, श्री टी. आर. सदासिवन नायर, अनुभाग अधिकारी (उच्चतर ग्रेड), केरल सरकार, को मंत्री जी के वर्तमान कार्यकाल के साथ सह-समाप्य आधार पर अथवा मंत्री जी के सहायक निजी सचिव के रूप में कार्य करना बंद करने तथा अथवा अगले

आदेश होने तक, जो भी पहले हो, दिनांक 01.11.2012 (पूर्वाह्न) से मानव संसाधान विकास राज्य मंत्री (डॉ. शशि थरूर) के सहायक निजी सचिव (वेतन बैंड-2 में 4,800/- रुपए के ग्रेड वेतन के साथ) के रूप में नियुक्त करते हैं।

राजेश कुमार सिंह, अवर सचिव

दिनांक 7 जनवरी 2013

सं. ए-32011/6/2012-ई-I--राष्ट्रपति, श्री सुरेश चन्द्र सिंह (गैर सरकारी अधिकारी) को दिनांक 29.10.2012 (पूर्वाह्न) से मंत्री जी के वर्तमान कार्यकाल के साथ सह-समाप्य आधार पर अथवा मंत्री जी के अपर निजी सचिव के रूप में कार्य करना बंद करने तक अथवा अगले आदेश होने तक, इनमें से जो भी पहले हो, मानव संसाधान विकास राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद) के अपर निजी सचिव (6,600/- रुपए के ग्रेड वेतन पर पे बैंड-3) के रूप में नियुक्त करते हैं।

राजेश कुमार सिंह, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 21 जनवरी 2013

सं. ए-32013/1/2011-स्था.-III--कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के आदेश सं. 3/4/2012-सीएस-II (ए) दिनांक 16.11.2012 के जरिये वरीयता कोटे के तहत वर्ष 2011 के लिए उनका नाम प्रधान निजी सचिव के चयन सूची में शामिल किये जाने के परिणामस्वरूप, राष्ट्रपति, सी.एस.एस.एस. के नियमित निजी सचिव, श्री हेतराम को दिनांक 16.11.2012 से मानव संसाधन विकास मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) की संवर्ग यूनिट में वेतन बैंड-3 (15,600--39,100/- रुपए + ग्रेड वेतन 6,600/- रुपए) में प्रोफॉर्मा पदोन्नति के आधार पर प्रधान निजी सचिव की श्रेणी में नियुक्त करते हैं।

के. एस. महाजन, अवर सचिव

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
(सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग)

नई दिल्ली-01, दिनांक 8 फरवरी 2013

सं. ए-42018/45/2009-स्था.-I(भाग)--सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के केन्द्रीय जन सूचना अधिकारियों की सूची से संबंधित दिनांक 10.12.2012 की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में तथा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 5(1) के अनुसार, श्री के. वी. एस. राव, निदेशक के स्थान पर श्री डी. के. पाण्डा, अवर सचिव, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। श्री पाण्डा का ब्यौरा इस प्रकार है :--

श्री डी. के. पाण्डा,
अवर सचिव (डीडी-III)
कमरा सं. 253 ए, "ए" विंग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली-01
दूरभाष : 23381641

2. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19(1) के अनुसार, श्री के. वी. एस. राव, निदेशक, नि:शक्तता कार्य विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। श्री राव का ब्यौरा इस प्रकार है :--

श्री के. वी. एस. राव,
निदेशक (डीडी)
कमरा सं. 633, "ए" विंग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली-01
दूरभाष : 23387539

3. श्री के. वी. एस. राव तथा श्री डी. के. पाण्डा के अवकाश आदि पर रहने के दौरान उनके सहवर्ती अधिकारी क्रमश: अपीलीय प्राधिकारी तथा केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

दयानिधि जोशी, अवर सचिव

दिनांक 14 फरवरी 2013

सं. ए-12034/08/2012-स्था.-II--राष्ट्रपति, श्री एन. टी. पिल्लई, सुपुत्र स्वर्गीय एम. एन. पिल्लई, बी-4/140-बी, केशवपुरम (लारेंस रोड), दिल्ली-110035 को माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री पी. बलराम नाईक) के सहायक निजी सचिव के रूप में 12.11.2012 (पूर्वाह्न) से मंत्री के कार्यकाल के सह-सत्रावसान तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, नियुक्त करते हैं।

दयानिधि जोशी, अवर सचिव

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

नई दिल्ली-110003, दिनांक 31 जनवरी 2013

सं. ए-19011/69/2012-स्था.--राष्ट्रपति, मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 18 जनवरी, 2013 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 4/32/2011-ईओ-(एसएम-I) के अनुसरण में, श्रीमती डिम्पल वर्मा, आईएएस (यू.पी.:89), संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल 7 महीने और तीन दिनों की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि को छोड़ने के उपरांत 10.09.2013 तक बढ़ाते हैं।

मैत्रेयी राय, उप सचिव

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(दूरसंचार विभाग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 14 जनवरी 2013

सं. ए-32013/1/2009-प्रशा.-I--राष्ट्रपति, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 26.11.2012 के का.ज्ञा. सं. 5/11/2011-सीएस-I(यू) के अनुसरण में, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के दूरसंचार विभाग में कार्यरत केन्द्रीय सचिवालय सेवा के निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नामों के सामने दर्शाई गई प्रवर सूची वर्ष में केन्द्रीय

सचिवालय सेवा के ग्रेड-I (अवर सचिव) में नियमित आधार पर नियुक्त करते हैं :--

क्र. सं.	नाम	सीएस एल सं.	किस चयन वर्ष में नाम शामिल किया गया	केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड-I (अवर सचिव) में नियुक्ति की तारीख	
				तदर्थ	नियमित
1.	श्री के. एस. दहिया	6153	2009	10.04.2008	01.07.2009
2.	श्री विजय कुमार	6648	2009	14.06.2010	01.07.2009
3.	श्री कर्म वांगड़ी शेरपा	6664	2009	14.06.2010	01.07.2009
4.	श्री उदय नारायण सिन्हा	6589	2010	31.05.2010	01.07.2010
5.	श्री ओ. पी. वर्मा	6684	2010	03.09.2010	01.07.2010
6.	श्री देव नाथ साहा	6741	2010	09.09.2010 (अपराह्न)	01.07.2010

2. संबंद्ध चयन सूचियों में शामिल अधिकारियों की वरिष्ठता उसी क्रम में होगी, जिस क्रम में उनके नाम व्यवस्थित किए गए हैं। जिन रिक्तियों के संबंध में अधिकारियों को प्रवर सूचियों में शामिल किया गया था वे दिनांक 01.07.2009 से 30.06.2010 (प्रवर सूची-2009) और 01.07.2010 से 30.06.2011 (प्रवर सूची-2010 के लिए) से संबंधित हैं।

3. अवर सचिव प्रवर सूची 2009 में उनका नाम शामिल होने पर उपर्युक्त अधिकारियों की अवर सचिव ग्रेड मे नियमित नियुक्ति केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली के दिनांक 24.02.2012 के अंतरिम आदेश तथा किसी भी संबंधित मामले में किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किसी अन्य आदेश के अनुसार "पी. एस. भण्डारी तथा अन्य बनाम भारत संघ तथा अन्य" नामक ओ. एं. सं. 611/2012 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगी।

विमल, अवर सचिव

दिनांक 31 जनवरी 2013

सं. पीएफ-610/प्रशासन-I--अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर श्री जे. पी. गौतम, अवर सचिव, दूरसंचार विभाग, दिनांक 31.01.2013 के अपराह्न से सरकारी सेवा से सेवानिवृत हो जाएंगे।

विमल, अवर सचिव

नई दिल्ली-110001, दिनांक 11 दिसम्बर 2012

विषय : सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2011 के परिणाम के आधार पर भारतीय डाक व दूरसंचार लेखा एवं वित्त सेवा समूह "क" में नियुक्ति।

सं. 7-01/2011-एसईए-I--राष्ट्रपति, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2011 के आधार पर श्री रवि वर्मा (रैंक नं. 485) (सामान्य) को भारतीय डाक व दूरसंचार लेखा एवं वित्त सेवा समूह "क" के कनिष्ठ समयमान में 15,600--39,100/- रु. + 5,400/- रु. के वेतनमान (पे बैंड-3) में निम्नलिखित शर्तों पर अनंतिम रूप से नियुक्त करते हैं :--

(i) वे नियुक्ति की तिथि से 2 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे, जिसे सक्षम अधिकारी के निर्णय पर बढ़ाया जा सकता है। परिवीक्षा की अवधि के दौरान उन्हें उन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना होगा और परीक्षाएं देनी होंगी जिन्हें सरकार द्वारा निर्धारित किया जाएगा। परिवीक्षा अवधि के भीतर निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण न करने पर उन्हें यथास्थिति या तो सेवामुक्त कर दिया जाएगा या उस मूल पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया जाएगा जिस पद पर वे लियन पर हैं, जैसी भी स्थिति हो।

(ii) इस नियुक्ति से पूर्व निर्धारित प्रपत्र पर इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि यदि उनकी एक से अधिक जीवित पत्नियां हैं, या एक पति/पत्नी के जीवित रहते उन्होंने विवाह किया है और यह विवाह पति/पत्नी के रहते किए जाने के कारण अमान्य करार दिया हो तो यह नियुक्ति इन संबंधी शर्तों के लागू होने से उन्हें दी गई छूट के अध्यधीन होगी।

(iii) महिला अभ्यर्थी की नियुक्ति निर्धारित प्रपत्र में इस आशय की घोषणा प्रस्तुत किए जाने की शर्त के अधीन की जाएगी की यदि उसने किसी ऐसे व्यक्ति जिसकी एक पत्नी जीवित है, से विवाह किया है तो यह नियुक्ति इस संबंध में निर्धारित शर्तों के लागू होने से उसे प्रदान की गई छूट की शर्त के अधीन होगी।

(iv) यह नियुक्ति नजदीकी रिश्तेदारों के बारे में एनआईसीएफ द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले निर्धारित प्रपत्र पर सूचना प्रस्तुत करने के अध्यधीन होगी। प्रपत्र में दिए गए ब्यौरे में किसी प्रकार के परिवर्तन को प्रत्येक वर्ष के अंत में सूचित करना होगा।

(v) विहित प्रपत्र पर इस आशय की सत्यनिष्ठ अभिपुष्टि करने के लिए भारत के संविधान के प्रति निष्ठा/ईमानदारी की शपथ लेना।

(vi) उक्त नियुक्ति के तहत अधिकारी को भारत के किसी भी भाग में तैनात किया जा सकता है।

(vii) सेवा की अन्य शर्तें उपर्युक्त विषय पर समय-समय पर जारी किए गए नियमों और आदेशों द्वारा अभिशासित होंगी।

2. नियुक्ति की यह पेशकश अनंतिम है जो (i) संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी अर्थात दूरसंचार विभाग द्वारा चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन की पुष्टि कर दिए जाने के अध्यधीन होगी।

3. (क) यदि उनके मामले में सिविल सेवा परीक्षा नियमावली के नियम 20 के तहत यथापरिकल्पित जांच लंबित है तो सेवा में उनकी नियुक्ति उनके चरित्र व पूर्ववृत्त के संबंध में सरकार द्वारा आवश्यक समझी गई इस जांच के आधार पर उनके योग्य पाए जाने के अध्यधीन होगी।

3. (ख) यदि किसी भी समय उनकी योग्यता के संबंध में उनके द्वारा भेजा गया कोई भी प्रमाण-पत्र या दस्तावेज ठीक नहीं पाया जाता है अथवा उनकी योग्यता के संबंध में कोई भी सूचना/तथ्यात्मक सामग्री

छुपाई गई है/गलत प्रस्तुत की गई है, तो संगत नियमों के अधीन उनकी नियुक्ति को किसी अन्य दंडात्मक कार्रवाई के प्रति बिना किसी भेदभाव के तत्काल रद्द किया जा सकता है।

4. इस प्रस्ताव की स्वीकृति या अस्वीकृति के संबंध में इस विभाग को निश्चित रूप से सूचित किया जाए। यदि उसे यह नियुक्ति प्रस्ताव स्वीकार्य हो तो उसके द्वारा महाप्रबंधक (प्रशिक्षण एवं वित्त) दूरसंचार विभाग एनआईसीएफ, गाजियाबाद को रिपोर्ट की जाए। यदि वह इस नियुक्ति प्रस्ताव के जारी होने की तारीख से एक माह के भीतर अपना कार्यभार नहीं संभालता/संभालती है तो यह नियुक्ति प्रस्ताव समाप्त हो जाएगा।

5. अभ्यर्थी जो बुनियादी पाठ्यक्रम में शामिल हो गए हैं उन्हें उनके बुनियादी पाठ्यक्रम में शामिल होने की तारीख से सेवा में माना जाएगा।

बी. एम. शर्मा, सहायक महानिदेशक (एसईए-I)

सेवा में

श्री रवि वर्मा,
ए 2/24, ग्रीन टॉवर,
गोल्फ ग्रीन,
डाकघर कोलकाता
जिला-कोलकाता
पश्चिम बंगाल-700095

सं. 7-01/2011-एसईए-I--राष्ट्रपति, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2011 के आधार पर श्री अनुराग त्रिपाठी (रैंक नं. 508) (सामान्य) को भारतीय डाक व दूरसंचार लेखा एवं वित्त सेवा समूह "क" के कनिष्ठ समयमान में 15,600--39,100/- रु. + 5,400/- रु. के वेतनमान (पे बैंड-3) में निम्नलिखित शर्तों पर अनंतिम रूप से नियुक्त करते हैं :--

